Reg. No.. Name.. **24UH1022**

B A, B SC, B COM DEGREE END SEMESTER EXAMINATION - NOVEMBER 2024

UGP (HONS.) SEMESTER - 1: MULTI DISCIPLINARY COURSE IN HINDI

COURSE: 24UHINMDC101: HINDI IN DAY-TO-DAY LIFE

(For Regular 2024 Admission)

Time: 1.5 Hours Max. Marks - 50

PART - A

I. किन्हीं पाँच प्रश्नों का उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए।

1. अनुवाद कीजिए।

   अ. Nose आ. Hair इ. Teeth ई. Finger

2. हिंदी शब्द लिखिए।

   अ. Rose आ. Sunflower इ. Hibiscus ई. Marigold

3. अंग्रेज़ी शब्द लिखिए।

   अ. अनन्नास आ. कटहल इ. केला ई. अनार

4. अनुवाद कीजिए।

   अ) ताज महल बहुत प्रसिद्ध है

   आ) इसे शाहजहाँ ने बनवाया था।

5. तीन दुधारू जानवरों के नाम लिखिए।

6. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

   आसमान का रंग___है,जहाँ बारिश से पहले____बादल दिखाई देते हैं।_____पत्तियों में बारिश के बूंद___मोतियों जैसे चमकते हैं।

7. हिंदी शब्द लिखिए।

   अ.21 आ. 14 इ.31 ई.40 (5 x 2 =10)

PART - B

II. किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

8. घर में बातचीत का नमूना लिखिए।

9. शब्दों को जोड़कर वार्तालाप तैयार कीजिए।

   टिकट,आरक्षण,काउंटर, ट्रेन नंबर,समय,लंबी लाइन,प्लैटफॉर्म,वातानुकूलित,बुज़ुर्गों के लिए आरक्षण

10. कॉलेज के वार्षिकोत्सव की तैयारी में व्यस्त दोस्तों के बीच का वार्तालाप तैयार कीजिए।

11. फ़लवाले के साथ बातचीत का नमूना लिखिए।
12. परीक्षा में पास होने के लिए बधाई देते हुए अपने छोटे भाई के नाम पत्र लिखिए।
13. कपड़े की दुकान के अख़बारी विज्ञापन का नमूना तैयार कीजिए। (4 x 5=20)

PART- C

III. किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

14. जल प्रदूषण के संबंध में पोस्टर और ब्लॉग का निर्माण कीजिए।
15. सचिन तेंदुलकर के साथ साक्षात्कार(इंटरव्यू)का नमूना लिखिए।
16. अस्पताल में मरीज़ और डॉक्टर के बीच बातचीत का नमूना लिखिए।
17. कथांश पढ़कर निम्नांकित प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

'झोंपड़े के द्वार पर बाप और बेटा दोनों एक बुझे हुए अलाव के सामने चुपचाप बैठे हुए थे और अंदर बेटे की जवान बीवी बुधिया प्रसव-वेदना में पछाड़ खा रही थी। रह-रहकर उसके मुँह से ऐसी दिल हिला देने वाली आवाज़ निकलती थी, कि दोनों कलेजा थाम लेते थे। जाड़ों की रात थी, प्रकृति सन्नाटे में डूबी हुई, सारा गाँव अंधकार में लय हो गया था। घीसू ने कहा—"मालूम होता है, बचेगी नहीं। सारा दिन दौड़ते हो गया, जा देख तो आ।" माधव चिढ़कर बोला—"मरना ही है तो जल्दी मर क्यों नहीं जाती? देखकर क्या करूँ?" "तू बड़ा बेदर्द है बे! साल-भर जिसके साथ सुख-चैन से रहा, उसी के साथ इतनी बेवफ़ाई!" "तो मुझसे तो उसका तड़पना और हाथ-पाँव पटकना नहीं देखा जाता।" चमारों का कुनबा था और सारे गाँव में बदनाम। घीसू एक दिन काम करता तो तीन दिन आराम करता। माधव इतना कामचोर था कि आध घंटे काम करता तो घंटे भर चिलम पीता। इसलिए उन्हें कहीं मज़दूरी नहीं मिलती थी। घर में मुठ्ठी-भर भी अनाज मौजूद हो, तो उनके लिए काम करने की क़सम थी। जब दो-चार फ़ाक़े हो जाते तो घीसू पेड़ पर चढ़कर लकड़ियाँ तोड़ लाता और माधव बाज़ार से बेच लाता और जब तक वह पैसे रहते, दोनों इधर-उधर मारे-मारे फिरते। गाँव में काम की कमी न थी। किसानों का गाँव था, मेहनती आदमी के लिए पचास काम थे। मगर इन दोनों को उसी वक़्त बुलाते, जब दो आदमियों से एक का काम पाकर भी संतोष कर लेने के सिवा और कोई चारा न होता। अगर दोनो साधु होते, तो उन्हें संतोष और धैर्य के लिए, संयम और नियम की बिलकुल ज़रूरत न होती। यह तो इनकी प्रकृति थी। विचित्र जीवन था इनका'!

अ) दिल हिला देने वाली आवाज़ किसके मुँह से आ रही थी ? क्यों ?

आ) कहानी में किस प्रकार के माहौल का चित्रण हुआ है ?

इ) "तू बड़ा बेदर्द है बे "! ऐसा घीसू क्यों कहता है ?

ई) घीसू और माधव क्यों काम पर नहीं जाते थे ?

उ) कहानी में प्रस्तुत मुख्य समस्याएँ क्या-क्या है ? (2 x 10 = 20)